JIFF INDIA
Jaipur International Film Festival
7, Jai Jawan Colony 1st, JLN Road, Jaipur- 302018, INDIA
Ph: +91-141-6500601 Web: - www.jiffindia.org, E-mail-jiffjaipur@gmail.com, info@jiffindia.org

प्रेस विज्ञप्ति

फिल्म फेस्टिवल की दूसरी सूची के लिए 67 फिल्में चयनित

– 30 जनवरी से आयोजित होगा पांच दिवसीय ''जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल''
– फेस्टिवल में शामिल होगी दुनिया की विभिन्न भाषाओं की 200 फिल्में

जयपुर, 30 नवम्बर। जयपुर में अगामी जनवरी में आयोजित होने जा रहे पांच दिवसीय ''जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल'' में शामिल होने वाली फिल्मों की दूसरी सूची शुक्रवार को जारी की गई। 30 जनवरी से शुरू हो रहे इस फेस्टिवल में प्रिव्यू कमेटी मेम्बर्स की ओर से चयनित इस सूची में दुनिया भर की अलग–अलग भाषाओं की फिल्में शामिल की गई हैं।

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फेस्टिवल के लिए नॉमिनेट की गई फिल्मों की दूसरी सूची में 67 फिल्मों का चयन किया गया है। इनमें 28 शॉर्ट, 7 डॉक्यमेंट्री और 15 एनिमेशन और 16 फीचर फिल्में हैं। फेस्टिवल में स्क्रीनिंग की जाने वाली फिल्मों की अंतिम सूची दिसम्बर अंत में जारी की जाएगी।

दूसरी सूची जारी होने के बाद फेस्टिवल में स्क्रीनिंग की जाने वाली फिल्मों की संख्या अब तक 187 पहुंच चुकी है, जिनमें से 125 फिल्में विदेशी कैटेगरी में और 62 भारतीय भाषाओं की फिल्में है। खास बात यह है कि दुनियाभर से इस फेस्टिवल में 90 देशों की विभिन्न भाषाओं की 1368 फिल्में नॉमिनेशन के लिए आई हैं, वहीं पिछले बार 70 देशों से 913 फिल्मों की एंट्री हुई थी।

दूसरी सूची में स्विटजरलैंड, नेपाल, जर्मनी, ब्राजील, इरिट्रिया, श्रीलंका, इजरायल, हॉन्ड्ररस, यूएसए, सीरिया, अल्वेनिया, बुल्गारिया, तुर्किस्तान, मैक्सिको, ईरान, जापान, रसिया, कनाड़ा आदि देशों की फिल्मों का चयन हुआ है। फेस्टिवल के तहत इन फिल्मों की स्क्रीनिंग गोलछा सिनेमा, चैम्बर भवन और गोलछा ट्रेड सेंटर समेत शहर के अन्य स्थानों पर की जाएगी।

जयपुर के सिने प्रेमियों को वर्ल्ड क्लास सिनेमा का एक्सपीरियंस हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। दुनियाभर की अलग–अलग भाषाओं में आई फिल्मों के सब–टाइटल इंग्लिश में हैं। फेस्टिवल में 40 फिल्मों का चयन सब–टाइटल नहीं होने की वजह से रद्ध किया गया है।

उद्धेश्यपूर्ण सिनेमा समाज को एक नई धारा देने का काम करता है। इस सोच के साथ जिफ में इस तरह की फिल्मों को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जो भावनात्मक, सामाजिक, घरेलू, राजनीतिक, सांस्कृतिक और समसामयिक विषयों पर बनी हैं।

इसमें भाग लेने के लिए फॉरेन सिनेमा के अलावा साउथ इंडियन फिल्म मेकर्स का भी अच्छा रेस्पॉस मिल रहा है।

सभी चयनित 67 फिल्मों की सूची साथ में संलग्न की जा रही है।

—हनु रोज,
फाउंडर डायरेक्टर,
जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल,
ऑफिस— 0141—6500602
www.jiffindia.org

— मीडिया कॉर्डिनेशन— 9694347361